सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-504
13/11/2018

मुख्यमंत्री ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को किया अर्घ्य अर्पित, पटना के विभिन्न छठ घाटों का भी भ्रमण किया

पटना, 13 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज शाम 7, सर्कुलर रोड स्थित आवास में भगवान भास्कर को अपने परिवार के निकट सदस्यों के साथ अर्घ्य अर्पित किया तथा राज्यवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

अस्ताचलगामी सूर्य के अर्घ्य के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दानापुर के नासरीगंज घाट से खाजेकलां घाट तक स्टीमर द्वारा गंगा नदी के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया और छठव्रतियों एवं राज्यवासियों को छठ की शुभकामनायें दीं। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर अस्ताचल भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का अभिवादन हाथ उठाकर किया। मुख्यमंत्री ने भी सभी लोगों का अभिवादन हाथ उठाकर स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने तमाम घाटों पर छठव्रतियों के लिये की गयी सुरक्षा व्यवस्था, साफ–सफाई, विद्युत एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

छठ घाटों के भ्रमण के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर मैं अपनी श्रद्धा व्यक्त करता हूँ और सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होंने कहा कि यह धरती सूर्य के ऊपर ही निर्भर है, जिनको हम प्रत्यक्ष तौर पर देखते हैं, उनकी पूजा करते हैं। सूर्य की पूजा प्रकृति की पूजा है। लोगों को पर्व के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए धीरे–धीरे घाटों को बेहतर तरीके से तैयार किया जाता है, हमने दो बार पहले भी गंगा घाटों का निरीक्षण किया था। आज जो कुछ भी हमने देखा है, हर जगह मुझे संतोष की अनुभूति हुई है। विभिन्न घाटों पर नगर निगम, नगर विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, जिला प्रशासन के साथ सभी लोगों ने मिलकर बेहतर प्रबंधन और इंतजाम किया है, मुझे इसे देखकर बहुत संतोष हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरा एक ही आग्रह है कि आत्मानुशासन का परिचय जिस प्रकार से छठ पर्व के दौरान मिलता है, अगर इसका एक अंश भी हम सबों के जीवन में आ जाए तो समाज में परिवर्तन आ जायेगा।

मुख्यमंत्री के भ्रमण के क्रम में पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रशांत किशोर, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, बिहार चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष श्री ओ0पी0 साह, पुलिस महानिदेशक श्री के0एस0 द्विवेदी, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री आर0एल0 चोंग्थू, अपर पुलिस महानिदेशक श्री जे0एस0 गंगवार, पुलिस महानिरीक्षक पटना श्री नैयर हसनैन खान, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री अनुपम कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******